# गैंगस्टर रोहित के गुर्गे दानाराम उर्फ दानिया के घर पर चला बुलडोजर

## दानाराम उर्फ दानिया का घर बुलडोजर से गिराया, जो उसके पिता के नाम पर था

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एक बार फिर हिस्ट्रीशीटर और बदमाशों पर एक्शन लिया गया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे लूणकरनसर में गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे दानाराम उर्फ दानिया का घर बुलडोजर से गिरा दिया गया, जो उसके पिता जगदीश के नाम पर था। इसे अवैध बताते हुए जेसीबी चलाई गई। दानाराम पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है।

जानकारी के अनुसार लूणकरनसर के वार्ड संख्या दो में बने इस मकान को तहसीलदार ने अवैध माना। सोमवार को लूणकरनसर थाना पुलिस के साथ कालू, जामसर और महाजन थाने की पुलिस भी मौके पर तैनात की गई। चार थानों के थानेदार के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप अधीक्षक भी मौके पर रहे। इसके बाद जेसीबी ने सुबह करीब आठ बजे तोड़फोड़ शुरू कर दी। जगदीश जाट के घर से सभी लोगों को बाहर निकाला गया। सामान निकालने के लिए समय दिया गया।

बाद में तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। अंदर बने कमरे और घर की दीवारों को देखते ही देखते मलबे में तब्दील कर दिया गया। इस मलबे को सरकार के निर्देश पर ही यहां से हटाया जाएगा। अगर मलबे को हटाने का प्रयास किया जाएगा तो फिर से कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए भी

- **चार थानों की पुलिस रही तैनात, पांच बदमाशों पर एक्शन का प्लान बनाया**

बीट कॉन्स्टेबल और लूणकरनसर पुलिस को पाबंद किया गया है। हिस्ट्रीशीटर दानाराम के पिता जगदीश ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाया हुआ था। मकान में कमरे, आंगन, स्टोर सब कुछ बने हुए थे। पुलिस थाने से महज 300 मीटर दूर कस्बे की सुरनाणा रोड पर घर बना रखा था।

दानाराम के खिलाफ बीकानेर में कुल 10 मामले हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार और अवैध वसुली के दर्ज हैं। जो अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। इसमें लूणकरणसर में फिरौती का एक मामला दर्ज है। जबकि बीकानेर के गंगा शहर और एक अन्य थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। 10 में से 3 मामलों में वह फरार चल रहा है।

मौके पर पुलिस एक जेसीबी, तीन ट्रेक्टर ट्रोली, पानी का टैंकर, आंसू गैस वाहन और 300 जवानों के साथ सुबह 7 बजे पहुंची। मकान से समान रात्रि में ही हटा लिया गया था। दानाराम के पिता सहित परिवार के सदस्यों ने किसी भी प्रकार का विरोध नहीं किया। मकान व दुकान को तोड़ने में प्रशासन को लगभग तीन घंटे का समय लगा।

पुलिस इन दिनों हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई कर रही है। बीकानेर में हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई का सिलसिला अभी चल रहा है। कुल पांच हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई के लिए प्लान बन चुका है। आने वाले दिनों में उनके घरों पर भी जेसीबी चलाई जा सकती है। हालांकि इससे पहले संबंधित विभाग से मकान व जमीन का सही स्टेट्स का पता लगाया जा रहा है।

# 'जोधपुर को बांटने का निर्णय अविवेकपूर्ण और अनावश्यक'

## हार के डर से लुभावनी घोषणाएं कर रहे मुख्यमंत्री : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह

**जोधपुर, (कासं)।** स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के दो टुकड़े करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण, अविवेकपूर्ण, अनुचित और अनावश्यक करार दिया। शेखावत ने कहा कि जिस तरह से जिले बनाए गए, जिस मानसिकता के साथ बनाए गए, जिस प्रयोजन के साथ बनाए गए, जिस तरीके से बनाए गए, यह अत्यंत निंदनीय है। केवल अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए इस तरह से व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न करने का काम यह कुकृत्य नहीं, पाप की श्रेणी में है। जोधपुर प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाऊस में केन्द्रीय मंत्री शेखावत सोमवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

इस साल के अंत में होने विधानसभा चुनावों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान की जनता ने पिछले साढ़े चार साल में जितने कष्ट देखे हैं। राजस्थान जिस तरह से हर मोर्चे पर विफल हुआ है। राजस्थान ने जिस तरह से भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राजस्थान ने जिस तरह से पेपरलीक के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राजस्थान में नए अपराध की दुनिया में जिस तरह नए कीर्तिमानी आंकड़े बनाए हैं। राजस्थान की जनता अपने आप को ठगा महसूस करती है। इन सबको लेकर जनता एक-एक दिन इंतजार कर रही है।

शेखावत ने कहा कि अभी जिस तरह की घोषणा करने का काम मुख्यमंत्री कर रहे हैं, वो घोषणाएं करने की क्यों आवश्यकता पड़ी? आवश्यकता इसलिए पड़ी है, क्योंकि उन्हें अब समझ में आ गया है कि साढ़े चार साल में जिस तरह से उनके कुशासन और कुव्यवस्था के कारण हालात बने हैं, अब राजस्थान की जनता उनको निकारने वाली है। उस डर से उन्होंने अब इस तरह की घोषणाएं करके, जिनका कोई आधार और बजट सपोर्ट नहीं है, जनता को लुभाने की कोशिश की है, लेकिन यह कोशिश नाकाम होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना उतना ही अवश्यंभावी है, जितना अवश्यतंभावी यह है कि कल का सूर्य पूरब दिशा से उदय होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा अबकी बार ऐतिहासिक बहुमत के साथ सरकार में आने वाली है।

**शीघ्र जोधपुर प्रवास पर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी :-** शेखावत ने बताया कि शीघ्र प्रधानमंत्री मोदी का जोधपुर प्रवास तय होने वाला है, जिसमें जोधपुर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन की नई टर्मिनल बिल्डिंग, बहुप्रतिक्षित एलीवेटेड रोड और एम्स में ट्रोमा सेंटर का शिलान्यास होगा, जबकि जोधपुर में रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का उद्घाटन होगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की कई परियोजनाओं का शिलान्यास अथवा उद्घाटन होगा। शीघ्र इसकी तिथि तय होने वाली है।

शेखावत ने कहा कि एम्स के विस्तार को लेकर किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। पहले काजरी से एम्स को सौ एकड़ जमीन मिली थी। बाद में विस्तार के लिए और आवश्यकता थी। मैंने अपने पिछले कार्यकाल में 60 एकड़ जमीन और एम्स को दिलाई है। मुझे नहीं लगता कि इस लेकर अब कोई व्यवधान बाकी रह गया है।

# रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह के अतिक्रमण को किया ध्वस्त

## डेढ़ करोड़ रुपए की भूमि खाली कराई, तीन थानों की पुलिस और जाप्ता रहा मौजूद

**हनुमानगढ़, (निसं)।** हार्डकोर अपराधी रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह की ओर से जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को सोमवार को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अब राजस्थान में भी अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाने लगा है।

हार्डकोर अपराधी रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह का हनुमानगढ़ जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को सोमवार को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 3 थानों की पुलिस और बड़ी संख्या में जाप्ता तैनात रहा। इस जमीन की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। मणी सिंह पर हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, आबकारी और राजकार्य में बाधा के 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देश पर और एसपी सुधीर चौधरी के सुपरविजन में सोमवार को हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना क्षेत्र के गांव सतीपुरा में हिस्ट्रीशीटर मणीसिंह के अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। सरपंच प्रतिनिधि गुरलाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के जोहड़ पायतन की भूमि पर पिछले पांच-छह साल से मणीसिंह ने कब्जा कर रखा था। जंक्शन थाना प्रभारी नरेश गेरा ने बताया कि शहर के दो भाजपा पार्षदों को कॉल कर लॉरेन्स बिश्नोई गैंग की धमकी देकर 50-50 लाख रुपए की फिरौती मांगने के संबंध में दर्ज मुकदमे में पिछले दिनों हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर को प्रोडक्शन वारण्ट पर जयपुर सेंट्रल जेल से गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के दौरान रितिक बॉक्सर के सहयोगी मणीशंकर उर्फ मणिया उर्फ मणीसिंह निवासी वार्ड 1, गांव सतीपुरा को भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। मणीशंकर स्थानीय व्यापारियों के मोबाइल नम्बर रितिक बॉक्सर को उपलब्ध करवाता था। रितिक बॉक्सर इन नम्बरों पर वर्चुअल कॉल कर फिरौती की मांग और जान से मारने की धमकी देता था। गत दिनों पुलिस ने मणीशंकर को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। हिस्ट्रीशीटर मणी ने ये राज पुलिस रिमांड के दौरान खोले थे।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश हैं कि संगठित गैंग विशेष रूप से लॉरेन्स गैंग से जुड़े और नशे का कारोबार करने वाले अपराधी, जिन्होंने अपराध कर राशि अर्जित की है। कोई संपत्ति बनाई है या कहीं अवैध अतिक्रमण किया है। ऐसे अपराधियों की ओर से किए गए अवैध कब्जों को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में वैध नोटिस देकर अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि और किन अपराधियों ने इस तरह से अवैध अतिक्रमण कर रखा है। उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। अब तक ऐसे कुल 6 अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है, जो मोस्ट वांटेड हैं या खतरनाक अपराधी हैं। जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर वहां सरकारी भूमि के बोर्ड लगाए गए। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों से शेष 5 अपराधियों की संपत्ति की जानकारी ली जा रही है।

जंक्शन सिटी थानाप्रभारी नरेश गेरा ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर मणी उर्फ मणिशंकर पर 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीटर पर हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, आबकारी और राजकार्य में बाधा के मुकदमे दर्ज हैं। हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर के साथ कनेक्शन सामने आने के बाद कई अन्य मामलों में भी इसकी भूमिका सामने आई है, जिसके बाद जंक्शन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। अब अन्य ओर मामलों में भी हिस्ट्रीशीटर मणी का नाम सामने आ सकता है।

# आंधी और बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस

**बीकानेर, (निसं)।** जून अब तपने लगा है। देर रात आई धूलभरी आंधी और बूंदाबांदी के बाद वातावरण में दिनभर उमस रही। मौसम विभाग ने संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। विभाग के निदेशक राधेश्याम ने अरब सागर की खाड़ी में भीषण चक्रवाती तूफान की आशंका जताई है। इसका असर राजस्थान पर भी पड़ेगा। 15 से 17 जून के बीच आंधी-बारिश होने की संभावना है। बीकानेर के मौसम में 15 जून तक किसी तरह के बदलाव की चेतावनी जारी नहीं की गई है। गर्म हवाओं का जोर रहा। अवकाश का दिन होने के कारण सड़कों पर आवाजाही कम रही। लोग घरों में एसी और कूलर चलाकर बैठे रहे।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम कम रहने पर कारण बताओ नोटिस

**करौली, (निसं)।** दसवीं बोर्ड के घोषित हुए परीक्षा परिणाम मे जिले के जिन विद्यालयों में विभागीय मानदंड से परीक्षा परिणम न्यून रहे उन विद्यालयों के संस्था प्रधानों को निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के द्वारा कारण बताओ नोटिस देते हुए चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस में स्पष्टीकरण नहीं दिया तो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से प्राप्त परीक्षा परिणाम के आधार पर ही आपके विरुद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निदेशक कानाराम आईएएस ने नोटिस जारी कर संस्था प्रधान के पद पर कार्यरत रहते हुए विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया है विद्यालय मे रहने के दौरान सत्र 2022-2023 मे कक्षा 10 का परिणाम विभागीय मानदंड से न्यून रहने पर विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने से पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि न्यून परिणाम के संबंध में अपना 15 दिन में स्पष्टीकरण प्रेषित करें। उन्होंने जिले के उन विद्यालयों सलेमपुर के रामराज मीणा, लपावली के धीर सिंह मीणा, फाजलाबाद के अंजीराम मीणा, सैमरदा के संतोष कुमार सोनी, पदमपुरा के विश्राम लाल मीणा, क्यारदा खुर्द के राजेश कुमार शर्मा, तेसगांव के विजय सिंह मीणा, मामचारी की प्रेमलता, उर्देन के किशन लाल बैरवा, भरतून शिवचरण मीणा, डिकौलीकला के शिवचरण मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# एवीवीएनएल के तत्कालीन एस.ई. के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**झुंझुनूं, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम झुंझुनूं के तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता महेश सिंघल के खिलाफ सोमवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, सदस्या नीतू सैनी की बैंच ने यह आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि झुंझुनूं जिले के टीटनवाड़ गांव के रहने वाले जगदीश मेघवाल ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद किया था कि उसके कृषि कनेक्शन को 24 घण्टे सप्लाई वाले फीडर से जोड़ कर रखा जाये। जिसका फैसला 19 मई 2016 को उपभोक्ता के पक्ष में आने पर विद्युत विभाग ने राज्य आयोग में अपील पेश की। राज्य आयोग में 9 फरवरी 2017 को परिवादी से विद्युत विभाग के नोडल

- **जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए**

अधिकारी के रूप में महेश कुमार सिंघल ने लोक अदालत की भावना से राजीनामा किया और उसके बाद महेश सिंघल ने अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं के पद पर कार्यरत भी रहे हैं। राज्य आयोग के समक्ष लोक अदालत की भावना से हुए राजीनामा से सम्बन्धित आदेश की उपभोक्ता ने पालना कर दी लेकिन विद्युत विभाग परिवादी को चक्कर लगवाता रहा। लगभग 2 साल तक राज्य आयोग के आदेश की विद्युत विभाग द्वारा पालना नहीं करने से व्यथित होकर परिवादी ने दुबारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का दरवाज़ा खटखटाया।

जिस पर अध्यक्ष व पीठासीन अधिकारी मनोज मील के सामने अप्रैल महिने में मामला आया। जिस पर राज्य आयोग के सामने लोक अदालत की भावना से हुए राजीनामे की सच्चाई जानने व पारदर्शी तरीके से मामले का निस्तारण करने के लिए तत्कालीन एसई महेश सिंघल को जरिए अधिवक्ता कई बार तलब किया गया। अंतिम चेतावनी के तौर पर 30 मई 2023 को सिंघल को 12 जून को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष पेश होने के लिए पाबंद किया गया था। लेकिन फिर भी महेश सिंघल के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। महेश कुमार सिंघल वर्तमान समय में अजमेर जिले में अधिशासी अधिकारी सतर्कता के पद पर कार्यरत है। इसलिए जिला आयोग से पुलिस अधीक्षक अजमेर को गिरफ्तारी वारंट भेजा गया है।

# वैभव गहलोत के मामले पर सी.एम. ने क्यों चुप्पी साध रखी है : किरोड़ी मीणा

**कोटा, (निसं)।** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा सोमवार को कोटा के दौरे पर थे, जहां उन्होंने केंद्र की योजनाओं की जमकर तारीफ की वहीं राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए मीणा ने कहा कि वैभव गहलोत का मामला 10 से 12 साल पहले भी उठा था लेकिन तब इसे दबा दिया गया था। अब भी वैभव गहलोत का बचाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने सब साफ तरीके से बता दिया है कि पैसे किस रूट से सफेद हो रहे हैं और किसके जरिए मॉरीशस भेजे जा रहे थे।

मीणा ने कहा कि पीएमएलए के तहत मुकदमा दर्ज हो गया है। इसलिए उनके द्वारा लगाए गए आरोप सत्य प्रमाणित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम गहलोत कहते हैं कि वो ईडी को कई मामलों में पत्र लिख चुके हैं लेकिन जांच नहीं की गई। लेकिन हम कहते हैं कि आईटी और जल जीवन मिशन के घोटाले की सीएम क्यों नहीं बात कर रहे हैं। वैभव गहलोत के मामले पर सीएम ने भला क्यों चुप्पी साध रखी है। इसका साफ मतलब है कि चोर की

- **'जल्दी जल जीवन मिशन को लेकर घोटाला उजागर करेंगे'**

दाढ़ी में तिनका। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जल जीवन मिशन के मामले में राजस्थान में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें भी बहुत बड़ा घोटाला राजस्थान की सरकार ने किया है। जिसको उजागर हम कुछ ही दिनों में करेंगे। मीणा ने आरोप लगाया कि रीट के पेपर लीक में शामिल मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा और सुभाष गर्ग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीपी जारोली को बर्खास्त कर दिया गया लेकिन उनसे आज दिन तक न तो पूछताछ हुई और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस मामले में बड़े भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही एसओजी आरोपियों को क्लीन चिट दे रही है।

हालांकि जब मीडिया ने पूछा कि चुनाव आने पर ही ईडी क्यों सक्रिय हो जाती है तो मीणा ने कहा कि ऐसा नहीं है लेकिन एक बार अगर इस बात को मान भी लिया जाए तो सीएम क्यों चिल्ला रहे हैं। यानी चोर की दाढ़ी में तिनका है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि एसीबी और एसओजी शुरुआत में अच्छी कार्रवाई करती है लेकिन एक स्तर जाकर आगे कार्रवाई नहीं हो पाती है। यूडीएच में दलाल पकड़ा गया, परिवहन में कार्यवाही हुई व रीट में पेपर लीक हुए. इनमें शुरुआती कार्रवाई की गई लेकिन बाद में यह ठप हो गई। इस मामले में आगे बढ़ ना चाहिए था। किरोड़ीलाल ने आरोप लगाया था कि पेपर लीक में गोविंद सिंह डोटासरा और सुभाष गर्ग जैसे शामिल है। यह एजेंसी असरदार प्रभावशाली और सत्ताधारी लोगों तक चल जाएगी, तब यह जांच को बंद कर दिया जाता है। एसीबी व एसओजी इन पर हाथ नहीं डालती है। इसीलिए हम सब में कार्यवाही ईडी के लिए कहते हैं। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान की जनता ने तय कर लिया है कि इनको बदलना अच्छी प्रभावशाली सरकार को लाना है। भारतीय जनता पार्टी ही विजनरी सरकार दे सकती है।

रेसलर के मामले में भी उन्होंने कहा कि प्रकरण दर्ज हो गया है और जांच चल रही है। जांच में बृजभूषण शरण सिंह दोषी होगा, तो जेल जाएगा, निर्दोष होगा तो पहलवानों के आरोप राजनीति से प्रेरित माने जाएंगे। जब उनसे पूछा गया चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, तो उन्होंने साफ कह दिया कि कमल के फूल के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सचिन पायलट वसुंधरा राजे सिंधिया और अशोक गहलोत दोनों पर आरोप लगा रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि पीसीसी के चीफ रहे हैं। रीट पेपर लीक और आरपीएससी को भंग करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे पर जो आरोप लगे थे वह ना तो कोर्ट में टिके हैं, नहीं जांच में टिक पाए हैं। इसलिए वह प्रमाणित आरोप नहीं है। संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के मामले में गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ भी एसओजी के जरिए कार्रवाई करने की बात उन्होंने कहा है। साथ ही कहा कि एसओजी मुख्यमंत्री के अधीन है मुख्यमंत्री आरोप लगाते हैं तो एसओजी से जांच करवा कर दोषी साबित क्यों नहीं करवा रहे।

# अंधड़ से जिले में 622 पोल व 22 ट्रांसफार्मर गिरे

## गंगनहर की समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवरफ्लो होकर टूट गई

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** बीती रात 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आए अंधड़ से जिले में बिजली के 622 खंभे टूटकर धराशायी हो गए तथा सब स्टेशनों पर लगे 22 ट्रांसफार्मर भी गिर गए। इससे डिस्कॉम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। शहरी व ग्रामीण अंचल में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

दिनभर अलग-अलग इलाकों में बिजली बंद रहने व ट्रिपिंग की समस्या रही। गंगनहर की समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवर फ्लो होकर टूट गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। अंधड़ से अलग-अलग स्थानों पर पेड़ भी टूटकर नहरों में गिर गए। गंगनहर फीडर से जुड़ी एमके, एफ व एसएस माइनर में जगह-जगह पेड़ गिरने से लाइनिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवरफ्लो होकर टूट गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे किसानों व जल संसाधन विभाग की टीम ने माइनर का कटाव पाटकर पटड़ा दुरुस्त किया।

- **'16 व 17 जून को आंधी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना'**

विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35.7 व न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय हवा में नमी 81 व शाम को 59 प्रतिशत दर्ज की गई। क्षेत्र में तेज अंधड़ के साथ बीती रात हुई बारिश से बागवानी में जहां नुकसान हुआ वहीं नरमा-कपास की खड़ी फसलों को फायदा हुआ है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के बताया कि आंधी के साथ हुई बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। इससे अधिक गर्मी से झुलस रही फसलों को राहत मिली है। साथ ही सिंचाई पानी की मांग पूरी हुई है। तेज अंधड़ से किन्नू के बागों में फल झड़ने से नुकसान हुआ है। उद्यान विभाग के अधिकारियों के अनुसार बागों में अंधड़ से प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार फल झड़ने व टहनियां टूटने से 15 से 20 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों भी बना रहेगा आंधी बारिश का मौसम पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पश्चिमी राजस्थान में आंधी बारिश का दौर चल रहा है। आगामी दिनों में भी इसका प्रभाव बना रहेगा। बीकानेर संभाग के अलग अलग क्षेत्रों में आंधी रूपी तेज हवाओं के साथ आगामी दो तीन दिनों में हल्की बारिश हो सकती है। 16 व 17 जून को आंधी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना रहेगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। अधीक्षण अभियंता लाभसिंह मान ने बताया कि दिनभर सिस्टम को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल करने का कार्य किया गया। शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह आपूर्ति बाधित है। इसे भी जल्दी बहाल कर दिया जाएगा।

# हार्डकोर अपराधी राजू फौजी को पुलिस जाप्ते के साथ कोर्ट में किया पेश

## जे.एम. अवकाश पर होने पर ए.सी.जे.एम. द्वितीय जालोर के समक्ष पेश किया, जहां से राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये

**जालोर, (कासं)।** प्रदेश का कुख्यात तस्कर व भीलवाड़ा में दो पुलिस कॉनिस्टेबल हत्या करने के आरोपी राजू फौजी को सोमवार को जालोर जिले के सायला में एक आपराधिक प्रकरण में लिप्त होने पर भारी पुलिस बल के साथ जेएम कोर्ट में पेश किया गया। जेएम अवकाश पर होने पर एसीजेएम द्वितीय जालोर के समक्ष पेश किया। जहां से राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये गये। वहीं जालोर जिला कारागाह के अधीक्षक ने हार्डकोर अपराधी राजू फौजी के लिए उक्त जेल उपयुक्त नहीं होने पर तुरंत ही अजमेर जेल में शिफ्ट करने के लिए रवाना किया गया।



जालोर के सायला में हार्डकोर अपराधी राजू फौजी को भारी पुलिस जाब्ते के साथ कोर्ट में पेश किया।

जालोर के कचहरी परिसर में सोमवार को सुबह करीब दस बजे भारी पुलिस जाब्ता के साथ पुलिस बस पहुंची। उक्त पुलिस बस में चार पांच सिविल वर्दी में पुलिस कर्मी व दस पन्द्रह हथियार बंध गनधारी पुलिस के जवान प्रदेश के कुख्यात तस्कर व हार्डकोर अपराध राजू फौजी व पाबूराम को अजमेर जेल से लेकर जालोर पहुंचे। आगे दो पुलिस की जीप, बीच में पुलिस बस में सवार राजू फौजी व पाबूराम तथा उसके पीछे डिप्टी जालोर रतनाराम देवासी मय जाब्ता के कोर्ट पहुंचे। तथा सीधे ही आरोपियों को कोर्ट में लेकर गये। पुलिस ने राजू फौजी व पाबू राम को जालोर के सायला क्षेत्र में किसी प्रकरण में वांछित होने पर पेशी पर लेकर आये थे। राजू फौजी को पहली बार जालोर कोर्ट में पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अवकाश पर होने पर लिंक अधिकारी एसीजेएम द्वितीय जालोर अंकित दवे के समक्ष राजू फौजी को पेश किया।

न्यायाधीश ने राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ जालोर के जिला कारागृह में राजू फौजी को ले जाया गया। लेकिन जालोर जेल में राजू फौजी जैसे कुख्यात अपराधी को रखने की सुविधा नहीं होने पर जेल अधिक्षक ने तुरंत राजू फौजी को पुनः अजमेर जेल के लिए रवाना किया। राजू फौजी भीलवाडा में तस्करी के दौरान दो पुलिस कॉनिस्टेबल पर गोली से फरार कर हत्या करने के बाद सुर्खियों में आया था। जिसके बाद एक लाख का इनाम राजू फौजी पर रखा था।

- **जालोर जिला कारागृह के अधीक्षक ने राजू फौजी के लिए उक्त जेल उपयुक्त नहीं होने पर अजमेर जेल में शिफ्ट करने के लिए रवाना किया**

राजू फौजी सीआरपीएफ की नौकर छोड़ कर पैसे कमाने के लालच में तस्करी व अपराध की दुनिया में कदम रखा था।

राजू फौजी को जोधपुर ने नाकबंदी कर घेर कर पकड़ा था। उस दौरान भी राजू फौजी ने पुलिस पर फायरिंग की थी। जिसके बाद जवाबी फारयिंग में राजू के पैर व सिर के पास गोली लगाने से घायल हो गया तथा उस दौरान पुलिस ने दबोच लिया था। तब से उसे अजमेर जेल में रखा गया था। जालोर के सायला में भी राजू फौजी पाबू राम के साथ अपराधिक मानव वध व अन्य किसी प्रकरण में लिप्त होने पर सोमवार को जालोर कोर्ट में पेशी पर लाया गया था।